डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-563/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2021–22 दिनांकः–06 दिसम्बर, 2021

बैक पेपर परीक्षा सितम्बर, 2021 हेतु ऑनलाइन आवेदन
विषयक आवश्यक सूचना

(दिसम्बर, 2020 अधिसत्र परीक्षा जो माह मार्च, 2021 में संपन्न हुई थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए विषम अधिसत्र हेतु अर्ह विद्यार्थियों के लिए बैक पेपर परीक्षा का आयोजन हेतु ऑनलाइन आवेदन)

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–369, दिनाँक 19.08.2021 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की दिसम्बर, 2020 अधिसत्र परीक्षा जो माह मार्च, 2021 में विश्वविद्यालय में संपन्न हुई थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए विषम अधिसत्र हेतु अर्ह विद्यार्थियों के लिए बैक पेपर परीक्षा का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके क्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन बैक पेपर (विषम अधिसत्र) परीक्षा आवेदन–पत्र दिनाँक 31.08.2021 तक आमंत्रित किये गये थे, जिसे पत्रांक–सी.ओ.ई.–448, दिनाँक 05.10.2021 द्वारा दिनाँक 11.10.2021 तक विस्तारित किया गया था।

तद्क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार बैक पेपर (विषम अधिसत्र) परीक्षा के लिये **निर्धारित आवेदन तिथि को विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनाँक 15.12..2021 तक विस्तारित किया जाता है। पूर्व में निर्गत सूचना द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ऑन लाइन परीक्षा आवेदन दिनाँक 15.12.2021 तक भरना सुनिश्चित करें।**

उपरोक्तानुसार ऑन–लाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 15.12.2021 के उपरांत किसी भी दशा में न तो तिथि का विस्तारीकरण किया जायेगा और न ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। अतः बैक पेपर परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।

शेष शर्तें एवं व्यवस्थाएं पूर्ववत् रहेंगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण।
6. प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।
7. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी समस्त संलग्नकों सहित विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 20.12.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

06/12/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक